कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री घनश्याम प्रसाद महावर पुत्र श्री रामकिशोर महावर निवासी ग्राम पोस्ट करनावर तहसील बसवा जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा

अपील संख्या 44/2022

निर्णय दिनांक 20.05.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, विकास अधिकारी पंचायत समिति बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को पत्र क्रमांक: डीएम/कोर्ट/2022/788 दिनांक 20.04.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा ने पत्र क्रमांक: आरटीआई/2022/972 दिनांक 04.05.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना विकास अधिकारी पंचायत समिति बसवा से संबंधित होने से विकास अधिकारी पंचायत समिति बसवा को स्थानान्तरित किया गया। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना पंचायत समिति बसवा से संबंधित होने से एवं पंचायत समिति बसवा के विरूद्ध अपील का श्रवणाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली [illegible] लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.06.16 10:00:21 IST
Reason: SelfAttested

(कमर [illegible])
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official